**प्रेस –नोट**

**थाना बबीना, झांसी**

**दिनाँक 16.07.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना बबीना पुलिस व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान चोरी/नकबजनी से संबंधित अभियोग में 02 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार,**
- **कब्जे से चोरी गए सोने व चाँदी के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 16.07.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना बबीना पुलिस व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्यवाही के द्वारा मु0अ0सं0- 202/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रियासत पुत्र आलमोहम्मद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी- सूरनगर, थाना कोतवाली उरई, जनपद- जालौन 2. कदीर खान पुत्र गुलसेर खान उम्र करीब 51 वर्ष निवासी- भानसीपुर थाना कोतवाली, जिला- धौलपुर, राजस्थान को गोपालपुरा रोड खैलार नहर के किनारे थाना क्षेत्र बबीना में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त कदीर खान पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ है।

मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। बदमाशों के कब्जे से चोरी गए सोने व चाँदी के आभूषण, 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस बरामद। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बबीना में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

1. रियासत पुत्र आलमोहम्मद उम्र करीब 50 वर्ष निवासी- सूरनगर, थाना कोतवाली उरई, जनपद- जालौन
2. कदीर खान पुत्र गुलसेर खान उम्र करीब 51 वर्ष निवासी- भानसीपुर थाना कोतवाली, जिला- धौलपुर, राजस्थान

**बरामदगी का विवरण –**

सोने व चाँदी के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

- प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना मय पुलिस टीम
- प्रभारी स्वॉट मय टीम